मनमानी | ग्राम पंचायत मुडगुडी पर ग्रामीणों ने लगाए गंभीर आरोप

बिना अनुमति बन रहा 15 लाख का चेक डैम

चिल्हारी नवभारत 15 मार्च। ग्राम चिल्हारी के समीप ग्राम पंचायत मुडगुडी में विवाद खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि ग्राम परासी' के पटपरहा क्षेत्र में करीब 15 लाख रुपये की लागत से चेक डैम (रपटा) का निर्माण कार्य बिना आवश्यक स्वीकृति के कराया जा रहा है।

ग्रामीणों का मुडगुडी जनपद पंचायत मानपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत परासी में निर्माण कार्य को लेकर का कहना है कि जिस स्थान पर निर्माण कराया जा रहा है, वह खसरा 14/1/1/1 की निजी संपत्ति की भूमि बताई जा रही है। इसके बावजूद ग्राम पंचायत द्वारा वहां निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसे लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है।

वन विभाग से स्वीकृति नहीं ली गई

ग्रामीणों ने इस संबंध में जनपद पंचायत मानपुर में लिखित आवेदन देकर कार्य को रोकने की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार इसके पास वन विभाग की भूमि भी लगी हुई है, लेकिन पंचायत द्वारा वन विभाग से किसी प्रकार की स्वीकृति नहीं ली गई है। इस मामले में ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य करा रहा कथित ठेकेदार खुद ही वन विभाग की जिम्मेदारी लेने की बात कह रहा।

निर्माण कार्य तत्काल रोकने की मांग

ग्रामीणों का सवाल है कि बिना वैधानिक अनुमति के निर्माण कार्य कैसे कराया जा सकता है? वहीं ग्रामीणों ने मामले की जांच कर निर्माण कार्य तत्काल रोकने और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अब देखना होगा कि जनपद पंचायत और वन विभाग इस मामले में क्या कदम उठाते हैं और क्या वास्तव में बिना स्वीकृति के निर्माण कार्य कराया जा रहा है या नहीं।

एड. निर्मल बने आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष

शहपुरा। आम आदमी पार्टी मध्यप्रदेश संगठन द्वारा जिले में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से एडवोकेट निर्मल कुमार साहू को डिण्डौरी जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश स्तर से की गई इस घोषणा के बाद जिले के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। एडवोकेट निर्मल कुमार साहू लंबे समय से सामाजिक और किसान हितों से जुड़े रहे हैं। उन्होंने भारतीय किसान संघ में कई वर्षों तक डिण्डौरी जिला मंत्री का दायित्व निभाते हुए किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। जिलाध्यक्ष का दायित्व मिलने के बाद उन्होंने प्रदेश स्तर से 21 पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की, जिससे जिले में पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करने की तैयारी शुरू हो गई है।

अवैध टपरे से 41 बोतल शराब जब्त

▸ मानपुर एसडीएम की कार्यवाही, टपरा किया सील

चिल्हारी नवभारत 15 मार्च। मानपुर अनुविभागीय अधिकारी हरनीत कौर कलसी एवं नायब तहसीलदार रामलाल पनिका एवं प्रशासनिक दल के साथ ग्राम गडरिया टोला में अवैध अतिक्रमण एवं अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए लोहे के टपरे एवं गुमटी को हटवाकर वहां से अवैध शराब की बोतलें जब्त की हैं।

कार्रवाई के दौरान टपरे से कुल 41 बोतल शराब बरामद की गई, जिन्हें मौके पर अमरपुर चौकी प्रभारी को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द कर दिया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम गडरिया टोला में लोहे का टपरा और गुमटी बनाकर अवैध रूप से दुकान संचालित की जा रही थी। मौके पर जांच के दौरान वहां अंडा, मांस, शराब की बोतलें तथा बीयर पाई गई। उक्त दुकान आशीष सोनी निवासी अमरपुर द्वारा संचालित की जा रही थी, जो कार्रवाई के दौरान मौके पर उपस्थित मिले।

पका हुआ मांस भी मिला

प्रशासनिक दल ने कार्रवाई करते हुए टपरे से पका हुआ मांस, भोजन सामग्री, फ्रिज, गैस सिलेंडर सहित अन्य उपयोगी सामान को बाहर निकलवाया। साथ ही वहां अवैध रूप से लिए गए बिजली कनेक्शन को भी तत्काल हटाया गया। एसडीएम हरनीत कौर कलसी के निर्देश पर अवैध रूप से स्थापित टपरे को सील कर दिया गया तथा संचालक को सख्त निर्देश दिए गए कि आगामी आदेश तक उक्त टपरे को नहीं खोला जाए।

मेंहदवानी के होटल से 3 गैस सिलेंडर जब्त

शहपुरा नवभारत 15 मार्च। शहपुरा तहसील में खाद्य विभाग की छापामार कार्रवाई लगातार तीसरे दिन भी जारी रही। नगरीय क्षेत्र में दो दिन तक कार्रवाई करने के बाद विभाग की टीम ने अब कस्बाई इलाकों की ओर रुख किया।

सहायक आपूर्ति अधिकारी जयंत असराटी के नेतृत्व में टीम ने विकासखंड मेंहदवानी के जनपद कार्यालय के सामने स्थित प्रतिष्ठित अभिलाष दास लारिया होटल में अचानक निरीक्षण किया। जांच के दौरान होटल में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पाया गया। मौके पर तीन घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के प्रावधानों के उल्लंघन पर होटल संचालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

होटल एवं ढाबा संचालकों में हड़कंप

अचानक हुई इस कार्रवाई से मेंहदवानी मुख्यालय के होटल एवं ढाबा संचालकों में हड़कंप की स्थिति बन गई। खाद्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग पर सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि आम उपभोक्ताओं को निर्धारित नियमों के तहत गैस की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया मां कर्मा का जन्मोत्सव

पापमोचनी एकादशी पर निकली आकर्षक झांकियां, प्रतिभावान विद्यार्थियों और समाजसेवियों का हुआ सम्मान

शहपुरा नवभारत 15 मार्च। शहपुरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम बिलगांव में साहू तेली समाज की आराध्य भक्त शिरोमणि मां कर्मा की जयंती चैत्र कृष्णपक्ष की पापमोचनी एकादशी के अवसर पर श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाई गई।

इस अवसर पर आयोजित जयंती समारोह में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से समाजजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। पूरे आयोजन के दौरान भक्ति गीतों, जयकारों और सांस्कृतिक गतिविधियों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

पूजा-अर्चना से हुई कार्यक्रम की शुरुआत

कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान के साथ मां कर्मा की पूजा-अर्चना से हुई। समाज के वरिष्ठजनों और महिलाओं ने मां कर्मा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर आरती उतारी और समाज की सुख-समृद्धि व एकता की कामना की। आरती के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। जयंती समारोह के दौरान समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों तथा समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले समाजसेवियों को मंच पर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने बताया कि इस सम्मान का उद्देश्य समाज में शिक्षा और सेवा की भावना को बढ़ावा देना है। सम्मानित प्रतिभाओं को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

विभिन्न गांवों से आई आकर्षक झांकियां

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विभिन्न गांवों से आई सजीव और आकर्षक झांकियां रहीं। करौंदी, बरगांव, बांकी, कंचनपुर और बिलगांव से आई झांकियों में माँ कर्मा के जीवन से जुड़े प्रसंगों और प्रेरणादायक संदेशों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। इन झांकियों को पूरे ग्राम में शोभायात्रा के रूप में भ्रमण कराया गया, जिसे देखने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। झांकियों के साथ चल रहे समाजजन माँ कर्मा के जयकारे लगाते हुए पूरे गांव में भ्रमण करते रहे, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बन गया। जगह-जगह ग्रामीणों ने शोभायात्रा का स्वागत किया और श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

समाज की एकता और संस्कारों पर दिया जोर

इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों ने अपने संबोधन में माँ कर्मा के आदर्शों और उनके त्यागमय जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने समाज के लोगों को एकजुट होकर आगे बढ़ने तथा युवाओं को शिक्षा, सेवा और संस्कारों के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। पूरे आयोजन के दौरान अनुशासन और सामाजिक एकता का विशेष ध्यान रखा गया। कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं और बच्चों की भी सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जिससे आयोजन और अधिक जीवंत और भव्य बन गया।

आंगन में खेल रहे मासूम पर कुत्ते का हमला, घायल

▸ शहपुरा अस्पताल में उपचार जारी

शहपुरा नवभारत 15 मार्च। ग्राम मोहरा खुर्द में घर के आंगन में खेल रहे 5 वर्षीय मासूम पर अचानक एक कुत्ते ने हमला कर दिया। घटना में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने तत्काल घायल बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शहपुरा पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार बच्चा अपने घर के आंगन में खेल रहा था। इसी दौरान अचानक एक पागल कुत्ता वहां पहुंचा और बच्चे पर हमला कर दिया। कुत्ते के हमला से बच्चा बुरी तरह घायल हो गया। बच्चे की चीख-पुकार सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और कुत्ते को वहां से भगाया। इसके बाद परिजन तुरंत बच्चे को इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे उपचार जारी है।

आवारा कुत्तों की संख्या में इजाफा, प्रशासन बेखबर-ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। आए दिन कुत्ते लोगों पर हमला कर रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में डर का माहौल बना हुआ है। कई बार शिकायत के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर जल्द नियंत्रण किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

अधिकारों के प्रति जागरूक होना समय की आवश्यकता : अवधिया

▸ विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

डिण्डौरी,नवभारत 15 मार्च। विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर रविवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष डिण्डौरी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें अनुचित व्यापारिक प्रथाओं, नकली उत्पादों और खराब सेवाओं से बचाव के प्रति सचेत करना रहा।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय ग्राहक महापंचायत के अध्यक्ष अनिल अवधिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि सचिव कान्हा प्रश्नानी एवं मीडिया प्रभारी यशवंत तोमर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान मेसर्स विद्या राजेश परस्ते पेट्रोलियम, डिण्डौरी के प्रोपाइटर राजेश परस्ते ने उपभोक्ता हितों से जुड़े विषयों पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जागरूक उपभोक्ता ही अपने अधिकारों की रक्षा कर सकता है।

उपभोक्ताओं को कई अधिकार प्राप्त हैं

मुख्य अतिथि अनिल अवधिया तथा सचिव कान्हा प्रश्नानी ने बताया कि उपभोक्ताओं को सुरक्षा का अधिकार, सूचना का अधिकार, चयन का अधिकार और सुनवाई का अधिकार जैसे मूल अधिकार प्राप्त हैं। उन्होंने कहा कि इन अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना समय की आवश्यकता है, ताकि उपभोक्ताओं का शोषण रोका जा सके।

उपभोक्ता संरक्षण से जुड़े प्रावधानों की दी जानकारी

इस अवसर पर जिला आपूर्ति अधिकारी केपीएस मरावी ने उपस्थितों को उपभोक्ता अधिकारों एवं उपभोक्ता संरक्षण से जुड़े प्रावधानों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि उपभोक्ताओं को खतरनाक वस्तुओं से सुरक्षा पाने, उत्पाद की गुणवत्ता व मात्रा की जानकारी प्राप्त करने, प्रतिस्पर्धी कीमतों पर वस्तुओं का चयन करने तथा उपभोक्ता फोरम में अपनी शिकायतों की सुनवाई कराने का अधिकार प्राप्त है।

कार्यक्रम में नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक जेपी दुबेदी, सहायक आपूर्ति अधिकारी शमीम खान, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश तुरकर, नापतौल विभाग से जेठू मरावी, जिला मुख्यालय खाद्य ऑपरेटर अजय दुबे, जनपद समनापुर के ऑपरेटर रामेश्वर माण्डवे, जनपद शहपुरा से प्रहलाद साहू, पीएमसी सेल के ऑपरेटर शुभम तिवारी सहित अखिल भारतीय ग्राहक महापंचायत के पदाधिकारी, समिति प्रबंधक एवं गेहूं उपार्जन केंद्रों के ऑपरेटर उपस्थित रहे।

हिंदू मुस्लिम एकता मंच की बैठक आयोजित

नवभारत उमरिया 15 मार्च। रविवार को हिंदू मुस्लिम एकता मंच की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी माह अप्रैल में आयोजित होने वाले एकता महोत्सव 2026 कार्यक्रम को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता मंच के संस्थापक मो. असलम शेर एवं संगठन के संयोजक राजेंद्र कोल के नेतृत्व में की गई। बैठक में कंछेदी लाल, हनीफ खान, सचिन गुप्त, रहीश मंसूरी, वसीम अकरम, यस कुमार शर्मा, विनोद रोहणी, अनुज सेन, अब्दुल साबित, मो.मंसूर, अधीर सिंह, कृष्णकांत तिवारी, अजय कुमार, कपूरिया विश्वकर्मा, श्रीकांत तिवारी, नसरीन, रोहिनी श्याम, वरुण नामदेव, काजल, मोसिम और हिन्दू मुस्लिम एकता मंच के सदस्य उपस्थित रहे।

न्यायालय, पुलिस व प्रशासन एक ही माला के मोती : अंजू

▸ अभियोजन एवं पुलिस अधिकारियों की कार्यशाला आयोजित

डिण्डौरी,नवभारत 15 मार्च। रविवार को बायपास रोड स्थित नेचर कोर्टयार्ड में अभियोजन अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में न्यायालयीन कार्यप्रणाली, विभिन्न अधिनियमों के प्रावधानों तथा पुलिस और अभियोजन के समन्वय को मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। मीडिया सेल प्रभारी एवं अभियोजन अधिकारी मनोज कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यशाला में अभियोजन अधिकारियों के न्यायालयीन कार्य से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया।

बेहतर समन्वय से व्यवस्था होती है मजबूत-प्रशिक्षण में पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी जैसे डीएसपी, निरीक्षक, उपनिरीक्षक, सब-इंस्पेक्टर, आरक्षक एवं महिला आरक्षक सहित अन्य कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने कहा कि न्यायालय, पुलिस और प्रशासन एक ही माला के मोती हैं।

पुलिस व सेना का समाज में है विशेष सम्मान-कलेक्टर ने कहा कि पुलिस और सेना की वर्दी का समाज में विशेष सम्मान है और उस सम्मान को बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य है। कार्यक्रम में तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश कमलेश कुमार सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि उच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए पॉक्सो एक्ट और एससी/एसटी एक्ट से जुड़े मामलों का गंभीरता के साथ विधिसम्मत तरीके से संचालन किया जाना चाहिए।

प्राध्यापकों और छात्रों के बीच समन्वय जरुरी : ठाकुर

▸ अभविप की जिला समीक्षा बैठक आयोजित

डिंडोरी, नवभारत 15 मार्च। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) जिला डिंडोरी की एक महत्वपूर्ण जिला समीक्षा बैठक का आयोजन स्थानीय स्तर पर संपन्न हुआ।

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन की विगत गतिविधियों का आकलन करना और भविष्य के कार्य विस्तार के लिए एक ठोस रणनीति तैयार करना था। बैठक में मुख्य रूप से अभाविप के प्रांत सह मंत्री शिवेंद्र चतुर्वेदी उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है, जिसका मूल उद्देश्य व्यक्ति निर्माण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण करना है।

कॉलेज व विद्यालय में पहुंच जरुरी

बैठक का संचालन गोकुल ठाकुर और मार्गदर्शन जिला प्रमुख डॉ. विकास जैन ने किया। उन्होंने शैक्षणिक परिसरों में विद्यार्थियों को आने वाली चुनौतियों और उनके समाधान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्राध्यापकों और छात्रों के बीच का समन्वय ही एक स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण का आधार है। जिला संयोजक ने जिले की संगठनात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत की और आगामी समय में जिले के प्रत्येक कॉलेज और विद्यालय स्तर तक परिषद की पहुंच सुनिश्चित करने का संकल्प दोहराया।

नगर इकाइयों के कार्यों की समीक्षा की

बैठक में डिंडोरी जिले के विभिन्न नगरों के नगर अध्यक्ष, नगर मंत्री और प्राध्यापक कार्यकर्ता भी सम्मिलित हुए। इस दौरान नगर इकाइयों द्वारा किए गए कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक के अंतिम चरण में छात्र हितों, छात्रवृत्ति की समस्याओं और परिसरों में बुनियादी सुविधाओं के अभाव जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई।

प्रभारी मंत्री के सामने विधायकों ने खोली संगठन की पोल

भाजपा के भीतर मचा घमासान अब सड़क पर आ गया, बैठक में दोनों विधायक तटस्थ और एकजुट नजर आए

नवभारत उमरिया 15 मार्च। जिले के प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान का बीते दिनों दौरा सरकारी फाइलों में भले ही विकास की समीक्षा के लिए दर्ज हो, लेकिन विश्राम गृह के बंद कमरे में जो सियासी नाटक हुआ, उसने भाजपा के भीतर मचे घमासान को सड़क पर ला दिया है।

प्रभारी मंत्री जिले को कुछ देकर गए या नहीं, यह तो वक्त बताएगा, लेकिन वह अपने साथ जिले की गुटबाजी और असंतोष की जो सुनामी लेकर लौटे हैं, उसने भोपाल तक हड़कंप मचा दिया है। गुरुवार को विश्राम गृह में कोर कमेटी की बैठक बुलाई गई थी। तस्वीरें खिंचवाई गईं, मुस्कुराहटों के साथ सोशल मीडिया पर पोस्ट भी हुईं, लेकिन उन तस्वीरों के पीछे का सच बेहद कड़वा और तीखा था।

कोर कमेटी की बैठक कुरुक्षेत्र में तब्दील

बैठक में प्रभारी मंत्री के साथ संभाग प्रभारी गौरव सिरोठिया, जिला प्रभारी राजेश पांडे, भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल और जिले के दोनों दिग्गज विधायक मीना सिंह व शिवनारायण सिंह मौजूद थे। सूत्रों की मानें तो बैठक शुरू होते ही सौहार्द का चोला उतर गया और कोर कमेटी की यह मेज कुरुक्षेत्र में तब्दील हो गई।

संगठन की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

उमरिया के राजनीतिक इतिहास में यह शायद पहला मौका था जब मानपुर और बांधवगढ़ के दोनों विधायक किसी मुद्दे पर इतने तटस्थ और एकजुट नजर आए। सूत्रों का दावा है कि दोनों विधायकों ने एक सुर में जिला संगठन की कार्यप्रणाली पर न केवल उंगली उठाई, बल्कि इसे व्यक्ति विशेष की कठपुतली करार दे दिया। विधायकों का सीधा आरोप था कि संगठन में सिर्फ एक ही व्यक्ति की मर्जी चलती है और उन्हीं के इशारों पर नियुक्तियां की जा रही हैं।

वरिष्ठ नेता की विवादित रिकॉर्डिंग पेश की गई

इस दौरान वरिष्ठ नेता की विवादित रिकॉर्डिंग पेश की गई, जिसने संगठन की शुचिता के दावों की हवा निकाल दी। इस रिकॉर्डिंग कांड ने वहां मौजूद नेताओं के पसीने छुड़ा दिए। कमरे में तल्खी इतनी बढ़ गई थी कि उसे शांत करने के लिए एसी की कूलिंग भी नाकाफी साबित हो रही थी। विधायकों ने दो टूक शब्दों में कहा कि जिला टीम में जमीनी और जुझारू कार्यकर्ताओं को दरकिनार किया गया है।

उमरिया भाजपा में सबकुछ ठीक नहीं है

प्रभारी मंत्री नागर सिंह चौहान और संगठन के प्रभारियों के लिए यह स्थिति किसी दुस्वप्न से कम नहीं थी। विधायकों की यह आर-पार की जंग बता रही है कि उमरिया भाजपा में सबकुछ ठीक नहीं है। संगठन और सत्ता के बीच की यह खाई अब चौड़ी हो चुकी है। अब देखना यह है कि इस विस्फोट के बाद प्रदेश नेतृत्व क्या डैमेज कंट्रोल करता है या फिर जिले की राजनीति में किसी बड़े बदलाव की पटकथा लिखी जाएगी।